# वाराणसी में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश सरकार ने बच्चों के नियमित **टीकाकरण** को सुनिश्चित करने के लिये **RISE एप (Rapid Immunization Skill Enhancement - RISE)** को लागू किया।

## मुख्य बिंदु

- **RISE एप के बारे में:**
  - RISE (Responsive Immunization Support for Everyone) एक **डिजिटल प्रशिक्षण और निगरानी प्लेटफॉर्म** है, जिसे **टीकाकरण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन** के लिये विकसित किया गया है। यह एप **रीयल-टाइम अपडेट** प्रदान करता है, जिससे स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को **टीकाकरण शेड्यूल, सुरक्षा प्रोटोकॉल, कोल्ड चेन प्रबंधन** और **टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभावों की निगरानी** में सहायता मिलती है।
  - **RISE एप** भारत सरकार के **मिशन इन्द्रधनुष** को **सशक्त बनाने** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
  - यह **डिजिटल प्लेटफॉर्म** स्टाफ नर्सों, सहायक नर्स मिडवाइफ (**ANM**) और स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के लिये विकसित किया गया है, ताकि वे बच्चों के **नियमित टीकाकरण** की **सटीक निगरानी** और **प्रभावी प्रबंधन** कर सकें।
- **उद्देश्य:**
  - इस पहल का लक्ष्य **टीकाकरण कवरेज में वृद्धि, हिचकिचाहट वाले परिवारों की पहचान** और **समुचित टीकाकरण सुनिश्चित करना** है। यह एप **पारंपरिक प्रशिक्षण पद्धतियों** को **डिजिटल शिक्षण प्रणाली** से प्रतिस्थापित कर, **टीकाकरण की सुरक्षा और प्रभावशीलता** को और अधिक सुदृढ़ करेगा।
- **प्रशिक्षण और क्रियान्वयन प्रक्रिया:**
  - प्रदेश के सभी **75 जिलों** में ज़िला-स्तरीय अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है।
  - वर्तमान में **ब्लॉक-स्तरीय अधिकारियों** का प्रशिक्षण जारी है, जिससे कार्यक्रम का **ज़मीनी स्तर** पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।
  - योजना के पूर्ण कार्यान्वयन के पश्चात लगभग **52,175 टीकाकरण कर्मियों** को **डिजिटल उपकरणों** से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता और डाटा प्रबंधन की दक्षता में वृद्धि होगी।
  - स्वास्थ्यकर्मियों के **प्रशिक्षण** की प्रक्रिया तीन चरणों में संपन्न की जा रही है:

## मिशन इन्द्रधनुष

- भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 25 दिसंबर 2014 को 'मिशन इन्द्रधनुष' की शुरुआत की थी।
- मिशन इन्द्रधनुष एक बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम है, जो कम टीकाकरण कवरेज वाले 201 ज़िलों में शुरू हुआ था।
  - यह यूनिवर्सल टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किये गए 7 रोगों के खिलाफ 7 टीकों का प्रतिनिधित्व करता है। ये रोग हैं-
    - तपेदिक (Tuberculosis), पोलियोमाइलाइटिस (Poliomyelitis), हेपेटाइटिस बी (Hepatitis B), डिप्थीरिया (Diphtheria), पर्टुसिस (Pertussis), **टेटनस (Tetanus)** और खसरा (Measles)
  - इसके अलावा खसरा रूबेला (Measles Rubella), रोटावायरस (Rb rotavirus), हिमोफिलिस इन्फ्लूएंजा टाइप-बी (Haemophilus Influenzae Type-B ) और पोलियो (Polio) के खिलाफ टीकों को शामिल करने के बाद इन टीकों की संख्या 12 हो गई है।
  - कुछ चुने गए राज्यों और ज़िलों में, जापानी एन्सेफलाइटिस (Japanese Encephalitis) और न्यूमोकोकस (Pneumococcus) के खिलाफ भी टीके दिये गए हैं।
- पूर्ण टीकाकरण कवरेज में गति देने के लिये भारत ने एक महत्त्वाकांक्षी योजना - तीव्र मिशन इन्द्रधनुष (Intensified Mission Indradhanush) की शुरुआत की है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rise-app